
GPS Map Camera
Satna, Madhya Pradesh, India
HV92+WHH, Panna Khajuraho Rd, Sangram Colony, Satna, Madhya Pradesh 485001, India
Lat 24.569752°
Long 80.851392°
25/06/24 11:17 AM GMT +05:30
Google


थाना को गवां
पुलिस थाना कोलगवां जिला-सतना (म.प्र.)
NO
DRINK
NO
SMOKING
STOP
SMOKING
OPPO K10
Patidar 2024.06.25 13:13


कृष्णा होंडा
पुलिस थाना कोलगवां जिला-सतना (म.प्र.)
पुलिस
2024/06/25 13:14

# करगिल विजय दिवस • एकेएसयू में शहीदों को किया नमन



शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित करते हुए एनसीसी कैडेट



प्रो. चांसलर इंजी. अनंत सोनी पुष्प चक्र अर्पित करते हुए



पुष्पचक्र अर्पित करते प्रति कुलपति डॉ. हर्षवर्धन



शहीदों को सैल्यूट करते एकेएसयू के डायरेक्टर अमित सोनी

भास्कर न्यूज़ | सतना

कारगिल विजय दिवस पर एकेएसयू में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में 500 से ज्यादा एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध में अपनी जान की बाजी लगाकर देश पर कुर्बान होने वाले जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सलामी दी। गौरतलब है कि रीवा एनसीसी की 3एमपी बटालियन का यहां एकेएस विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय कैम्प लगा था। कारगिल विजय दिवस पर गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया कि किस तरह कारगिल युद्ध में पाक की नापाक साजिश को नाकाम कर भारतीय सेना ने दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए थे और शिकस्त दे दी थी। इस युद्ध में हमारे कुछ वीर जवानों ने अपनी शहादत भी दी थी।

## कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

श्रद्धांजलि सभा में सतना, रीवा, मैहर, बिरसिंहपुर, त्योंधर, लालगांव मऊगंज, सोहागी, सीधी, सिरमौर के कैडेट्स मौजूद रहे। जेडी, एसडी, जेडब्ल्यू, एसडब्ल्यू कैडेट, 9 एएनओ के अलावा बतौर मुख्य अतिथि प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी, प्रति कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, डायरेक्टर अमित सोनी, एएनओ लेफ्टीनेंट प्राची सिंह, लेफ्टीनेंट दशरथ पाटीदार, कैंप कमांडेंट कर्नल संदीप जसपाल, एसएम पवन सिंह समेत 9 पीआई स्टाफ ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## पौधरोपण कर किया याद

करगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की स्मृति में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने अध्यक्ष रचना अवस्थी के नेतृत्व में शिवानंद योग आश्रम के पास पार्क में पीपल, अमरूद, केला, नीम और सफेद फूल के पौधे का रोपण किया गया। इस मौके पर विनीता शर्मा, मीना तिवारी का भी सहयोग रहा।

# एकेएसयू में कारगिल दिवस पर कैडट्स को प्रशिक्षण



**सतना।** शनिवार को एकेएस विश्वविद्यालय में एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर अभियान पायलट प्रोजेक्ट के तहत आयोजित किया गया। यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 17 जुलाई से 26 जुलाई 2024 के अंतर्गत 3 एमपी बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल संदीप जसपाल के दिशा निर्देशानुसार हुआ। शिविर में उपस्थित 430 एनसीसी कैडेट की थैलेसीमिया और सिकल सेल की जांच की गई। उल्लेखनीय है की रक्त संबंधी थैलेसीमिया और सिकल सेल की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है की देश भर में संचालित एनसीसी के 17 निदेशालयों के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत सभी एनसीसी कैंप में इस गंभीर बीमारी की जांच की जा रही है। इस मौके पर लेफ्टिनेंट दशरथ पाटीदार ने कैंप में उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के एनसीसी कैडेट को इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक प्रदान की साथ ही कैंप में लेफ्टिनेंट ओंकार सिंह, लेफ्टिनेंट प्राची सिंह एवं सूबेदार मेजर पवन सिंह उपस्थित रहे। इसी मौके पर एकेएस विश्वविद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी, अध्यक्षता डॉ. हर्षवर्धन ने की। कार्यक्रम में अमित कुमार सोनी भी उपस्थित रहे।


AKS UNIVERSITY, SATNA
NATIONAL CADET CORPS
NCC
NATIONAL CADET CORPS
NCC
INDIA
GPS Map Camera
Baghedi, Madhya Pradesh, India
HQ8V+R3P, SherGanj, Baghedi, Satna, Madhya Pradesh 485001, India
Lat 24.566965°
Long 80.792918°
17/08/24 10:50 AM GMT +05:30
Google